राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राजभवन में 20 मई से 26 मई तक एक्यूपंक्चर चिकित्सा शिविर संचालित होगा

पटना, 20 मई 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन के निदेशानुरूप, राजभवन स्थित राजेन्द्र मंडप परिसर में एक्यूपंक्चर चिकित्सा प्रणाली का एक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया है, जिसमें प्रथम दिन आज राजभवन में कार्यरत लगभग 40 अधिकारियों एवं कर्मियों ने अपने विभिन्न रोगों से संबंधित एक्यूपंक्चर–चिकित्सा करायी और चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया।

शिविर के प्रमुख चिकित्सक डॉ॰ संतोष गुडेरा (एम॰डी॰, एक्यूपंक्चर) ने बताया कि राजभवन में आज 20 मई से आगामी 26 मई, 2019 तक उनके नेतृत्व में एक्यूपंक्चर चिकित्सा शिविर चलेगा। इस चिकित्सा शिविर में विभिन्न असाध्य रोगों यथा –एसिडिटी, एलर्जी, अर्थराइटिस, नी एण्ड बैक पेन, किडनी डिजार्डर, नेक स्टिफनेस, चर्म रोग, लकवा स्ट्रोक, साइनस, स्लिप डिस्क आदि की एक्यूपंक्चर प्रणाली से चिकित्सा किए जाने की भी उन्होंने जानकारी दी। चिकित्सक ने बताया कि 'डॉक्टर सन्स होलिस्टिक हेल्थ केयर' नाम से उनका चिकित्सालय भी बेंगलोर में संचालित होता है। उन्होंने बताया कि यह चिकित्सा–पद्धति पड़ोसी देश चीन में काफी लोकप्रिय है और भारत में भी इससे रोगियों को काफी लाभ पहुँचा है। श्री गुडेरा ने बताया कि इस चिकित्सा प्रणाली में भारतीयों का भी विश्वास तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मितव्ययिता के लिहाजन भी यह पद्धति काफी माकूल है।

....